अमर उजाला

amarujala.com- Presented by: **नवीन चौहान**

Updated Mon, 17 Jun 2019 09:36 PM IST

ीदरलैंड में एसोचैम के चेयरमैन का सिरमौर से गहरा नाता

सिरमौर में पर्यटन, औद्योगिक विकास को लगेंगे पंख

एसोचैम के चेयरमैन का सिरमौर से गहरा नाता, बना रहे योजना

सीएम जयराम ठाकुर से हिमाचल में निवेश का किया करार

अमर उजाला ब्यूरो नाहन/कालाअंब (सिरमौर)। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की विदेश यात्रा के दौरान हिमाचल में निवेश के लिए हामी भरने वाले एसोचैम के चेयरमैन का सिरमौर से गहरा नाता है। एसोचैम को यूरोप में प्रमोट करने वाले शख्स न केवल भारतीय हैं बल्कि, हिमाचल के सिरमौर से भी उनका गहरा रिश्ता है। यह शख्सियत नीदरलैंड में एसोचैम के चेयरमैन होने के साथ-साथ संस्थापक सदस्य भी हैं। हाल ही में एसोचैम के चेयरमैन डॉ. विकास चतुर्वेदी ने सीएम जयराम ठाकुर के साथ कृषि, बागवानी और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश को एमओयू साइन किया है। यही नहीं, सिरमौर के लिए भी डॉ. चतुर्वेदी बड़ी योजना बना रहे हैं। भारतीय मूल के डॉ. विकास चतुर्वेदी मेडिकल कॉलेज नाहन में सालों तक बतौर शिशु रोग विशेषज्ञ सेवाएं देने वाले **डॉ. अनुपम चतुर्वेदी** के दामाद हैं। जिला मुख्यालय नाहन से महज 15 किलोमीटर की दू्री पर स्थित हिल स्टेशन जमटा में डॉ. विकास चतुर्वेदी का आशियाना है। यह वह अक्सर आते-जाते रहते हैं।

विकास चतुर्वेदी ने दिसंबर 2015 में यूरोप में एसोचैम की नींव रखी। इससे पहले वह 15 सालों तक यूरोपीय देशों में बिजनेस प्रमोटर के तौर पर कार्य करते रहे। एसोचैम मूलत: भारतीय संस्था है, जिसे नीदरलैंड में विकास चतुर्वेदी ने ही प्रमोट किया है। एसोचैम को यूरोप में नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाले डॉ. विकास ने

14 जून को सीएम जयराम ठाकुर के यूरोप दौरे के दौरान हिमाचल सरकार के साथ एक एमओयू साइन किया है। उधर, **डॉ. विकास चतुर्वेदी** ने नीदरलैंड से फोन पर बताया कि एसोचैम चैंबर ऑफ कॉमर्स समूहों का एक भारतीय संगठन है, जिसे यूरोपीय देशों में बतौर प्रमोटर उन्होंने 15 वर्षों तक कार्य किया है। दिसंबर 2015 में उन्होंने एसोचैम को नीदरलैंड में स्थापित किया और इसके बाद एसोचैम में चेयरमैन पद भी हासिल किया। उन्होंने बताया कि एसोचैम यूरोपीय देशों से देश के विभिन्न राज्यों के लिए पूंजी निवेश को लेकर अहम भूमिका निभा रहा है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के साथ कृषि, बागवानी और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में एमओयू साइन करना उनके लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि वह जिला सिरमौर से जुड़े हैं। लिहाजा, सिरमौर के लिए भी कुछ विशेष करना उनका सपना है। मूलतः उत्तरप्रदेश के मथुरा के रहने वाले डॉ. विकास ने बताया कि जिला सिरमौर में पर्यटन, औद्योगिक विकास और फूड प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में यूरोपीय निवेशकों को लाने की योजना बनाई है, जिसे जल्द ही साकार रूप दे दिया जाएगा।